# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
# Atomic Energy Education Society

**टर्म-I/आवधिक परीक्षा-II Term-I/PT-II**
**Examination 2025 - 26**

**कक्षा /Class :** नौवीं (IX) अवधि/**Duration :** 3 **घंटे**

विषय/**Subject :** हिन्दी (द्वितीय भाषा) अधिकतम अंक/**Maximum Marks : 80** अंक

---

सामान्य निर्देश / General Instructions:

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खण्ड हैं - “क”, “ख”, “ग”, और “घ” |

2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |

3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए |

---

## खण्ड - “क” (अपठित बोध 14 अंक )

**प्रश्न -1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

अच्छा नागरिक बनने के लिए भारत के प्राचीन विचारकों ने कुछ नियमों का प्रावधान किया है। इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धि, कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह, पारस्परिक सद्भाव और सेवा की भावना आदि नियम बहुत महत्वपूर्ण माने गए हैं। ये सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में अनिवार्य माने जाएं तो उसका अपना जीवन सुखी और आनंदमय हो सकता है। सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसके बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है। इन गुणों के कारण वह अपने परिवार आस-पड़ोस, विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अध्यापकों के प्रति यथोचित व्यवहार कर सकेगा। वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है। समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है। अहंकारहीन व्यक्ति ही शिष्ट व्यवहार का प्रयोग

कर सकता है। दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है। जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति का वातावरण नहीं बनता। जिस प्रकार एक व्यक्ति समाज में रहकर अपने व्यवहार से कर्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहता है, उसी तरह देश के प्रति भी उसका व्यवहार कर्तव्य और अधिकार की भावना से भावित रहना चाहिए। उसका कर्तव्य हो जाता है कि न तो वह स्वयं ऐसा कोई काम करें और ना ही दूसरों को करने दे जिससे देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस लगे। समाज एवं देश में शांति बनाए रखने के लिए धार्मिक सहिष्णुता भी बहुत आवश्यक है। यह वृत्ति तभी आ सकती है जब व्यक्ति संतुलित व्यक्तित्व का हो वह आंतरिक व बाहरी संघर्ष से परे सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व होना चाहिए।

i. गद्यांश के संदर्भ में अच्छा नागरिक बनने के लिए नियमों का प्रावधान आवश्यक है क्योंकि यह- (1 अंक)

क. स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है यह वातावरण को शांति से परिपूर्ण करता है।

ख. व्यक्तित्व को निखार कर जीवन को आमोद-प्रमोद से परिपूर्ण करता है।

ग. व्यक्तित्व को निखार कर जीवन को सुख और मंगल कामना से परिपूर्ण करता है।

घ. व्यक्ति को अहंकार से परिपूर्ण करता है|

ii. कथन (A) वाणी और व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है। (1 अंक)

कारण(R) यह समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है।

क. कथन A तथा कारण R दोनों गलत हैं।

ख. कथन A सही है किंतु कारण R गलत है।

ग. कथन A सही है किंतु कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन A तथा कारण R दोनों सही हैं ,और कारण R कथन A सही व्याख्या करता है ।

iii. दंभी व्यक्ति सदा अभ्यासी होता है- (1 अंक)

क. अशिष्ट वाणी और व्यवहार का। ख. विनम्रता का

ग. सहायता का घ. शिष्टता का

iv. देश और समाज में धार्मिक सहिष्णुता का क्या महत्व है? (2 अंक)

v. समाज में शांति का वातावरण क्यों नहीं बनता? (2 अंक)

**प्रश्न-2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

ज्यों निकल कर बादलों की गोद से,
थी अभी एक बूँद कुछ आगे बढ़ी,
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी,
आह! क्यों घर छोड़कर मैं यों चली,
दैव मेरे भाग्य में क्या है बदा,
मैं बचूंगी या मिलूंगी धूल में |
या जलूंगी गिर अंगारे पर किसी,
चू पड़ूंगी या कमल के फूल में।

बह गई उस काल कुछ ऐसी हवा,
वह समंदर की ओर आई अनमनी,
एक सुंदर सीप का मुंह था खुला,
वह उसी में जा पड़ी मोती बनी।
लोग यों ही हैं झिझकते सोचते,
जबकि उनको छोड़ना पड़ता है घर।
किंतु घर का छोड़ना अक्सर उन्हें,
बूँद लौं कुछ और ही देता है कर ।

i. बादलों से निकलकर बूँद का क्या हुआ- (1 अंक)

क. वह अंगारे पर गिर कर जल गई ख. वह कमल के फूल में जा गिरी

ग. वह धूल में गिरकर समा गई घ. वह सीप के मुंह में गिर कर मोती बन गई

ii. 'बह गई उस काल कुछ ऐसी हवा' पंक्ति का क्या आशय है- (1 अंक)

क. हवा उसे समुद्र में बहा ले गई

ख. वह अचानक ही समुद्र की ओर आ गई

ग. उस समय कुछ ऐसी परिस्थिति पैदा हुई

घ. बेमन से काम करते जाना।

iii. बूँद चिंता क्यों कर रही थी- (1 अंक)

क. उसका भविष्य अनिश्चित था

ख. वह पहली बार घर से बाहर निकली थी

ग. वह स्वयं को कमजोर समझ रही थी।

घ. उसके पास कोई सहारा नहीं था |

iv. यह कविता क्या संदेश देती है? (2 अंक)

v. “दैव मेरे भाग्य में है क्या बदा” इस पंक्ति से बूँद की किस मन: स्थिति का पता चलता है?

(2 अंक)

**<u>(खंड -‘ख’ व्यावहारिक व्याकरण 16 अंक)</u>**

**प्रश्न-3. निम्नलिखित उपसर्ग व प्रत्यय पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए- (4x1=4)**

i. “अधिनायक” शब्द में मूल शब्द क्या होगा?

ii. ‘प्रदर्शनी’ शब्द में उपसर्ग क्या होगा?

iii. ‘मानसिकता’ शब्द में प्रत्यय क्या होगा?

iv. ‘नैतिक’ शब्द में प्रत्यय क्या होगा?

v. जो शब्दांश किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसका अर्थ बदल देते हैं वे क्या कहलाते हैं?

**प्रश्न-4. समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चा</u>र प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4x1=4)**

i. ‘पंचतंत्र’ शब्द में कौन-सा समास है?

ii. ‘भारतवासी’ में कौन-सा समास है?

iii. ‘हार-जीत’ शब्द का समास-विग्रह कीजिए ।

iv. ‘नीलकमल’ शब्द में कौन-सा समास है?

v. ‘यथाशक्ति’ शब्द का समास विग्रह कीजिए ।

**प्रश्न-5. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए। (4x1=4)**

i. 'तुम आज देर से क्यों आए हो ?' अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए ।

ii. 'आज बहुत गर्मी है' वाक्य को निषेधवाचक वाक्य में बदलिए ।

iii. 'मोहन रोज पढ़ने जाता है।' आज्ञा वाचक वाक्य में बदलिए ।

iv. 'वह कल यहाँ से चला जाएगा।' संदेह वाचक वाक्य में बदलिए ।

v. इच्छा वाचक वाक्य का एक उदाहरण लिखिए ।

**प्रश्न-6. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। (4x1= 4)**

i. 'कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय।' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

ii. जहाँ एक शब्द के एक से अधिक अर्थ हों वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

iii. अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए। (जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो |)

iv. 'मधुर-मधुर मुस्कान मनोहर, मधुर देश का उजियाला' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

v. यमक अलंकार की परिभाषा लिखिए।

**<u>खंड-'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक 30 अंक)</u>**

**प्रश्न- 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5x1=5)**

वहाँ एक अच्छा मंदिर था जिसमें कंजुर बुद्ध वचन अनुवाद की हस्तलिखित 103 पोथियाँ रखी हुई थीं, मेरा आसन भी वहीं लगा, वह बड़े मोटे कागज पर अच्छे अक्षरों में लिखी हुई थीं। एक-एक पोथी 15-15 सेर से कम नहीं रही होगी। सुमति ने फिर आस-पास अपने यजमानों के पास जाने के बारे में पूछा, मैं अब पुस्तकों के भीतर था इसलिए मैंने उन्हें जाने के लिए कह दिया | दूसरे दिन वह गए मैंने समझा था दो-तीन दिन लगेंगे, लेकिन वह उसी दिन दोपहर बाद चले आए, तिंगरी गाँव वहाँ से बहुत दूर नहीं था। हमने अपना-अपना सामान पीठ पर उठाया और भिक्षु नम्से से विदाई लेकर चल पड़े।

i. लेखक कहाँ ठहरा था?

क. एक बौद्ध मंदिर में ख. एक पारसी मंदिर में

ग. एक हिंदू मंदिर में घ. एक बौद्ध आश्रम में

ii. कंजुर क्या था?

क. तिब्बती जीवन पर प्रकाश डालती हस्त लिखित पोथियाँ

ख. बौद्ध धर्म पर प्रकाश डालती हस्तलिखित पोथियाँ

ग. बुद्ध के उपदेशों की अनुवाद की हस्तलिखित पोथियाँ

घ. मंदिर के पुजारी से संबंधित हस्तलिखित पोथियाँ

iii. लेखक ने सुमति को अपने यजमानों के पास भेज दिया क्योंकि-

क. लेखक कुछ समय के लिए एकांत चाहता था।

ख. लेखक को उसकी रुचि के अनुसार पुस्तकें पढ़ने को मिल गई थीं।

ग. लेखक सुमति को नाराज नहीं करना चाहता था।

घ. सुमति अपने यजमानों से मिलना चाहता था।

iv. पुस्तकों के भीतर होने से आशय है-

क. पुस्तकों को पढ़ने में रम जाना।

ख. किसी पुस्तकालय के अंदर प्रवेश कर जाना।

ग. लेखक के चारों ओर पुस्तकें थी ।

घ. पुस्तक में लेखक का परिचय और चित्र छपा था ।

v. नम्से कौन था?

क. एक भिखारी ख. मंदिर का पुजारी

ग. एक बौद्ध भिक्षु घ. एक लेखक

**प्रश्न-8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए। (3x2 = 6)**

i. कांजीहौस में कैद पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी?

ii. अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

iii. किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी?

iv. आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है?

**प्रश्न-9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चुनाव करके उत्तर दीजिए- (5x1=5)**

मोको कहाँ ढूंढे बंदे मैं तो तेरे पास में।

ना मैं देवल ना मैं मसजिद ना काबे कैलाश में।

ना तो कौने क्रिया कर्म में, नहीं योग बैराग में।

खोजी होय तो तुरतै मिलिहौं पल भर की तालास में।

कहैं कबीर सुनो भाई साधो सब स्वांसों की स्वांस में।।

i. प्रस्तुत सबद में 'मैं' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

क. अहंकार के लिए | ख. निराकार ब्रह्म के लिए

ग. अपने लिए | घ. लोगों के लिए

ii. लोग प्रायः ईश्वर को कहाँ ढूंढते हैं?

क. अपने मन में | ख. धार्मिक अनुष्ठान और तीर्थ स्थलों में

ग. सभी प्राणियों में | घ. कण-कण में

iii. प्रभु को कैसे प्राप्त किया जा सकता है?

क. सदा उनका नाम जपने से | ख. भक्ति का दिखावा करने से

ग. अधिक चढ़ावा चढ़ाने से | घ. सच्चे मन से तलाश करने से

iv. ईश्वर को कहाँ ढूंढना चाहिए?

क. अपने भीतर | ख. पहाड़ों पर

ग. जंगलों में | घ. अपने घर के भीतर

v. 'मैं तो तेरे पास में' इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?

क. ईश्वर हर प्राणी के पास है | ख. ईश्वर आसानी से मिल जाता है

ग. ईश्वर सुख सुविधाओं में वास करता है          घ. ईश्वर हर प्राणी के हृदय में समाया हुआ है

**प्रश्न-10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए।** **(3x2 = 6)**

i. किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्मो से? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

ii. 'ज्ञानी' से कवयित्री का क्या अभिप्राय है?

iii. ब्रज भूमि के प्रति कवि का प्रेम किन-किन रुपों में अभिव्यक्त हुआ है?

iv. कवि ने कोयल के बोलने के किन कारणों की संभावना बताई है?

**प्रश्न-11. पूरक पाठ्यपुस्तक (कृतिका) पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए।** **(2x4 = 8)**

i. बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारी के फैलने की आशंका रहती है?

ii. बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे?

**iii.** आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ से कुछ सुझाव लिखिए।

<u>**खंड-'घ' (रचनात्मक लेखन 20 अंक)**</u>

**प्रश्न-12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं पर आधारित लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **(6)**

(क) मोबाइल का मायाजाल

संकेत बिंदु: आज की आवश्यकता, लाभ या हानियाँ, उचित प्रयोग ।

(ख) वृक्षारोपण की आवश्यकता

संकेत बिंदु: आवश्यकता, वृक्ष प्रकृति का अनुपम वरदान, पर्यावरण के रक्षक, हमारा कर्तव्य ।

(ग) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

संकेत बिंदु: अनुशासन का अर्थ, अनुशासन से लाभ, विद्यार्थी जीवन में अनुशासन की आवश्यकता।

**प्रश्न-13. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यालय में नवीन प्रयोगशाला उपकरण मँगवाने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए । (5)**

**अथवा**

वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

**प्रश्न-14. बैंक में खाता खोलने के लिए बैंक मैनेजर को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। (5)**

**अथवा**

'सच्ची मित्रता' विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए ।

**प्रश्न-15. रेलवे स्टेशन पर खड़े दो व्यक्तियों के मध्य होने वाले संवाद को लगभग 80 शब्दों में लिखिए। (4)**

**अथवा**

विद्यालय पत्रिका हेतु रचनाएँ आमंत्रित करते हुए पत्रिका के छात्र-संपादक की ओर से लगभग 80 शब्दों में एक सूचना लिखिए ।

************************